

खास ऑक्शन

आईपीएल 2022 का प्लेयर ऑक्शन अपनी तरह का अनोखा होगा। भविष्य में टीमों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद नहीं है। इस वजह से माना जा रहा है कि इसकी संभावना भी बहुत कम है कि आईपीएल गर्वनिंग काउंसिल फ्रैंचाइजी से कहें कि वह उन टीमों को खत्म कर दें जो वे अब तैयार कर रही हैं। पिछले साल, मौजूदा आईपीएल टीमें, सभी नहीं, इस बात को लेकर काफी निराश थे कि उन्हें बनाई हुई टीम को जाने दिया। एक करीबी सूत्र ने कहा, अब जब सब कुछ नए सिरे से शुरू हो रहा है, तो अब इसका समापन होना चाहिए। फ्रैंचाइजी को अब अपना इकोसिस्टम बनाने दिया जाए।

## तीन भारतीय खिलाड़ी जो रह सकते है अनसोल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल फ्रेंचाइजी मजबूत टीम बनाना चहेगी, जो भविष्य में उन्हें शानदार परिणाम दे सकें। जानकारी के अनुसार नीलामी के लिए 1214 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें 896 भारतीय और 318 विदेशी खिलाड़ी हैं। कुल 49 खिलाड़ियों ने 2 करोड़ रुपये अपना बेस प्राइस रखा है। इनमें कुछ खिलाड़ी अनसोल्ड भी रहेंगे। आइए बात करते हैं ऐसे तीन भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जो अनसोल्ड रह सकते हैं।

**उमेश यादवः** उमेश यादव वनडे और टी–20 में टीम इंडिया के लिए खेलते नहीं दिखते हैं। उन्होंने आइपीएल के पिछले दो संस्करणों में भी ज्यादा मौका नहीं मिला है।

**दिनेश कार्तिकः** दिनेश कार्तिक ने आखिरी बार भारत के लिए आइसीसी 2019 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। तब से टीम प्रबंधन ने उनकी अनदेखी की है।

**सुरेश रैनाः** सुरेश रैना टूर्नामेंट के अगले सत्र के लिए उन्हें रिटेन नहीं करने के बाद फ्रेंचाइजी ने सभी को चौंका दिया।

# आज से होगी आईपीएल के खिलाड़ियों का महा–नीलामी

क्रिकेट

## नीलामी के नियम वही रहेंगे जो 2010 में बनाए गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग में इस बार 900 करोड़ का पर्स था। इसमें से टीमें करीब 384.5 करोड़ रुपये फ्रैंचाइजी क्रिकेटर्स को रीटेन करने या ड्राफ्ट करने में खर्च हो चुके हैं। यानी इस वीकंड पर कुल 515.5 करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं। 1214 क्रिकेटर्स ने रजिस्टर किया था और इसमें से इसमें 590 शॉट लिस्ट हुए हैं, जिन पर बोली लगेगी। आईपीएल 2022 का मेगा ऑक्शन सुबह 11 बजे शुरू होगा। यह अगले दिन भी जारी रहेगा। इस बार की नीलामी बेंगलुरु में होगी। फ्रैंचाइजी जिन खिलाड़ियों को नीलामी में चाहते है इस हिसाब से खिलाड़ियों की लिस्ट कम कर दी गई है। अगर एक फ्रैंचाइजी ने सिर्फ एक ही खिलाड़ी का नाम दिया हो तो वह नीलामी में जरूर जाएगा।

**कैसे होगी नीलामीः** नीलामी के नियम वही रहेंगे जो 2010 में बनाए गए थे। क्रिकेटर्स की ज्यादा संख्या को देखते हुए, तेजी से नीलामी की जाएगी। इस तरीके को काफी साल से आजमाया जा रहा है और इसी को इस बार भी प्रयोग में लाया जाएगा। एक बार जब 160 खिलाड़ी बिक जाएंगे तो उसके बाद केवल उन्हीं खिलाड़ियों पर बोली लगेगी जिनके नाम फ्रैंचाइजी चाहेंगे कि नीलामी में लाए जाएं।



पहले 160 खिलाड़ियों की नीलामी ग्रुप बनाकर की जाएगी। इसमें पहले बल्लेबाज, पेसर्स, स्पिनर, ऑलराउंडर और विकेटकीपर बल्लेबाज। अनकैप्टड क्रिकेटर्स को अलग से बोली में उतारा जाएगा।

**क्या हो सकता है खासः** ऐसा माना जा रहा है कि शनिवार और रविवार को कुछ अनजाने नाम मोटी रकम बटोर सकते हैं। 2 करोड़ के बेस प्राइस के साथ कुल 48 खिलाड़ी नीलामी में हैं। इसमें 17 भारतीय हैं। 1.5 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ 20 क्रिकेटर हैं, इसमें तीन भारतीय हैं। 1 करोड़ रुपये के बेस प्राइस वाले 34 क्रिकेटर हैं, इसमें 10 भारतीय हैं। वहीं 75 लाख के बेस प्राइस वाले 25 क्रिकेटर्स में से 5 भारतीय हैं। कुल 127 क्रिकेटर हैं। बाकी 463 क्रिकेटर्स का बेस प्राइस 20–50 लाख रुपये के बीच है। तो आखिर किन पर लग सकती है ज्यादा बोली? कप्तानों की मां, सलामी बल्लेबाज, विकेटकीपर बल्लेबाज, इसके बाद बाकी का नंबर आ सकता है।

ये वे खिलाड़ी हो सकते हैं जिनकी काफी मांग हो सकती है लेकिन साथ ही उन पर पैसा खर्च करते समय भी विचार किया जाएगा। ईशान किशन, डेविड वॉर्नर, श्रेयस अय्यर, क्विंटन डि कॉक, जेसन होल्डर, ट्रेंट बोल्ट और कुछ ऐसे खिलाड़ी होंगे जिन्हें खरीदने के लिए फ्रैंचाइजी में होड़ देखी जा सकती है।

# श्रेयस और आलराउंडर शार्दुल ठाकुर के सबसे ज्यादा महंगे बिकने की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। आइपीएल 2022 की मेगा नीलामी में भारतीय टीम के धुरंधर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और आलराउंडर शार्दुल ठाकुर के सबसे ज्यादा महंगे बिकने की उम्मीद की जा रही है। इस बार मेगा नीलामी का आयोजन 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में किया जाएगा। गुजरात और लखनऊ दो नई टीमें इस बार नीलामी में शामिल होंगी और कुल 10 टीमें 590 खिलाड़ियों पर बोली लगाते दिखेंगे जिसमें 227 ओवरसीज खिलाड़ी होंगे।

इस बार की नीलामी में अंदाजा लगाया जा रहा है कि 10 से अधिक क्रिकेटर्स पर 10 करोड़ से ज्यादा की बोली लगेगी जबकि कुछ खिलाड़ियों की बोली



20 करोड़ तक जा सकती है। श्रेयस अय्यर की बोली 20 करोड़ के आसपास जा सकती है जबकि शार्दुल ठाकुर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी अपनी काबिलियत की वजह से 12–15 करोड़ रुपये पा सकते हैं। हालांकि इनकी बोली इससे भी ऊपर जाने की संभावना है। इनके अलावा चहल और दीपक चाहर को भी 10 करोड़ तक मिलने की उम्मीद है। महेंद्र सिंह धोनी (चेन्नई सुपर किंग्स), विराट कोहली (रायल चौलेंजर्स बेंगलोर) और रोहित शर्मा (मुंबई इंडियंस) को उनकी टीमों ने बरकरार रखा है ।

टीमों की नजरें मध्यक्रम के बल्लेबाजों, कलाई के स्पिनरों और हरफनमौलाओं पर रहेंगी । के एल राहुल (17 करोड़) रिटेंशन में सबसे महंगे खिलाड़ी रहे हैं ।

दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान अय्यर पंजाब किंग्स (72 करोड़ पर्स), सनराइजर्स हैदराबाद (68 करोड़ पर्स) और राजस्थान रॉयल्स (62 करोड़ रुपये पर्स) जैसी टीमों को लुभा सकते हैं । इन टीमों को मध्यक्रम में गेम चेंजर खिलाड़ी की जरूरत है।

## आर अश्विन ने बताया उस गेंदबाज का नाम जिसके जमकर लगेगी बोली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल में नीलामी से पहले हर टीम ने कुछ खिलाड़ियों को रिटेन किया है तो वहीं सभी टीम बड़े बदलाव के लिए तैयार हैं और इस नीलामी में दुनिया के कई सारे बेस्ट खिलाड़ी भी शामिल हैं। हालांकि कुछ प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस नीलामी का मुख्य आकर्षण होंगे, लेकिन बहुत सारे भारतीय खिलाड़ी नीलामी में बड़ी कमाई की उम्मीद कर सकते हैं। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने नीलामी में अपने पूर्व दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) टीम के साथी अवेश खान के लिए बड़ी बोली लगने की भविष्यवाणी की। वहीं उन्होंने इसकी तुलना खुद से करते हुए बताया कि जिस तरह से आरसीबी और सीएसके के बीच 2010 में उनके लिए बोली लगी थी कुछ वैसा ही देखने को मिल सकता है।

आर अश्विन ने अपने कहा कि आवेश खान के लिए निश्चित तौर पर बोली के लिए जंग होने वाली है और इसमें कोई शक नहीं है। साल 2010 में विजय माल्या ने जिस तरह से मेरे लिए सीएसके के साथ बोली की लड़ाई की थी उसी तरह से मुझे लगता है कि इस बार पार्थ जिंदल और किरण राव आवेश खान के लिए बोली लगाते हुए नजर आने वाले हैं।

## न्यूज डायरी :



## सैयद किरमानी बोले–ऋद्धिमान साहा तुम राजनीति का शिकार हो गए हो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऋद्धिमान साहा भारत के लिए आखिरी बार नवंबर–दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में खेले थे। ऋषभ पंत को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया था। हालांकि, अब खबरें हैं कि वह और अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा श्रीलंका के खिलाफ अगले महीने होने वाले टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। इस वजह से साहा ने बुधवार को बंगाल की रणजी टीम से खुद को बाहर कर लिया। अब, दिग्गज विकेटकीपर सैयद किरमानी ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। किरमानी ने कहा है कि साहा राजनीति का शिकार हुए हैं। कहा जा रहा है कि साहा को टीम से बाहर किया जा सकता है और उनके स्थान पर युवा केएस भगत को मौका दिया जा सकता है। किरमानी ने कहा कि 37 साल के साहा अब भी भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर हैं। किरमानी ने कहा, कोई शक नहीं कि ऋद्धिमान साहा भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर हैं।

## कोहली ने जीरो पर आउट होने के मामले में सहवाग व रैना का रिकार्ड तोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली की खराब बल्लेबाजी का नजारा वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में भी देखने को मिला और इस बार तो उन्होंने हद ही कर दी। पिछले दो मैचों में अपनी खराब बल्लेबाजी के बाद आलोचना झेल रहे कोहली के पास इस मैच में रन बनाने का मौका था, लेकिन उन्होंने इसे गंवा दिया। कोहली ने इस मैच में दो गेंद का सामना किया और जीरो पर आउट हो पवेलियन लौट गए। कोहली ने अलजारी जोसफ की गेंद पर शाई होप को अपना कैच थमा दिया। विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीरो पर आउट होकर वीरेंद्र सहवाग का रिकार्ड तोड़ दिया। इंटरनेशनल क्रिकेट में ये 32वां मौका था जब विराट कोहली शून्य पर आउट हुए। भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में अब सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने के मामले में (बैटिंग पोजिशन 1–7 तक) अब कोहली दूसरे नंबर पर आ गए हैं। इससे पहले दूसरे नंबर पर वीरेंद्र सहवाग थे जो इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 31 बार शून्य पर आउट हुए थे।

## नीलामी में 590 में से इतने खिलाड़ियों का होगा चयन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2022 की मेगा नीलामी का आयोजन दो दिन यानी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में किया जाएगा। इस नीलामी के लिए 590 खिलाड़ियों का नाम फाइनल किया गया है और 217 स्पाट के लिए इन खिलाड़ियों की बोली लगाई जाएगी। आइपीएल की नीलामी के लिए कुल बजट 900 करोड़ रुपये का है जिसमें से 343.7 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। आइपीएल की मेगा नीलामी से पहले इस सीजन में खेलने वाली सभी टीमों कुल 33 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ लिया है। अब सभी टीमों के पास कुल रकम 556.3 करोड़ शेष हैं। आइपीएल में हिस्सा लेने वाली फ्रेंचाइजी 25 खिलाड़ियों की टीम बना सकती है जिसमें 17 भारतीय तो वहीं 8 ओवर सीज प्लेयर हो सकते हैं। आइए अब आपको बताते हैं कि नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने के बाद किस टीम के पास कितने रुपये शेष बचे हैं साथ ही उनके टीम में कितने खिलाड़ियों के लिए जगह खाली है और उसमें विदेशी खिलाड़ी कितने हो सकते हैं।

## लेह में सीईसी आइस हाकी कप आज से शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू। लद्दाख को विंटर खेलों में विशिष्ट पहचान दिलवाने की मुहिम के चलते शनिवार से लेह में आइस हाकी प्रतियोगिता शुरू हो रही है। कोरोना से उपजे हालात में दर्शकों को मैदान में आने की इजाजत नहीं होगी। लेह में पहले 13 से 19 फरवरी तक सीईसी आइस हाकी कप और 19 से 23 फरवरी तक एलजी कप आइस हाकी प्रतियोगिता होगी। तियोगिताओं में लद्दाख के लेह व कारगिल के पुरुष व महिलाओं की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिताओं का लाइव प्रसारण करने की तैयारी है। एलजी कप आइस हाकी प्रतियोगिता नाक आउट आधार पर होगी।